# चचेरे भाई ने की बारह वर्षीय बालक की हत्या

## मृतक आरोपी को गाली देता था, जिसका बदला लेने के लिए अपहरण व हत्या की वारदात को अंजाम दिया



राजधानी की लालकोठी थाना पुलिस ने 24 मई को अपहरण हुए 12 वर्षीय बालक की हत्या का खुलासा करते हुए मृतक के चचेरे भाई को गिरफ्तार किया है।

■ आरोपी बालक को सफेद कबूतर दिलाने के बहाने से खोह नागोरियान में अपनी बहन के बंद मकान में ले गया था

**जयपुर**,(कासं)। राजधानी की लालकोठी थाना पुलिस ने 24 मई को अपहरण हुए 12 वर्षीय बालक की हत्या का खुलासा करते हुए मृतक के चचेरे भाई को गिरफ्तार किया है। पुलिस पूछताछ में सामने आया कि मृतक बालक उसे सबके सामने गाली देता था। इसी का बदला लेने के लिए उसने पहले सफेद कबूतर दिलाने के बहाने उसका अपहरण किया और बाद में खोह नागोरियान इलाके में अपनी बहन के घर ले जाकर रस्सी से गला कर दबा कर उसकी हत्या कर दी।

अतिरिक्त पुलिस कमिश्नर कैलाश विश्नोई ने बताया कि लालकोठी इलाके में 24 मई को अपहरण हुए 12 वर्षीय बालक की हत्या करने वाले मृतक के चचेरे भाई आरिज उर्फ मुंगेरी (35) निवासी हाकीम जी की गली एमडी रोड लालकोठी जयपुर को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपी काफी समय से बच्चे का अपहरण हत्या करने की योजना बना रहा था। 24 मई को मृतक बालक अपने दोस्तों के साथ एमडी रोड पर क्रिकेट खेलने गया था। दोपहर करीब तीन बजे आरोपी भी वहां पहुंचा और सफेद कबूतर दिलाने की बात कहकर अपने साथ उसे पैदल ही घाट गेट तक ले गया। फिर यहां से ई-रिक्शा में बैठाकर आयशा कॉलोनी खोह नागोरियान स्थित अपनी बहन के बंद मकान में पर ले गया। जहां आरोपी ने रस्सी से गला घोंटकर उसकी हत्या कर दी। इसके बाद आरोपी शव को प्लास्टिक के कट्टे में डालकर वहीं छोड़ कर खुद लालकोठी आ गया था। हत्या से पहले आरोपी ने बच्चे के साथ कुकर्म किया था। आरोपी बच्चे के घर के पास ही रहता था। 9 दिन पुराना होने की वजह से शव का अधिकांश हिस्सा गल चुका था। आरोपी की बहन सीकर में रहती है, इस कारण मकान बंद पड़ा रहता है। मकान में ले जाने के बाद आरोपी ने बच्चे के हाथ और पैर रस्सी से बांध दिए और रस्सी से उसका गला घोंटकर मौत के घाट उतार दिया। बुधवार देर रात शव मिलने के बाद पुलिस ने एसएमएस अस्पताल के मुर्दाघर में मेडिकल बोर्ड से पोस्टमॉर्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया।

पुलिस ने बताया कि बालक के काफी देर तक नहीं मिलने पर वह उसके परिजनों के साथ उसे ढूंढने का नाटक करता रहा। वहीं परिजनों के साथ थाने में मामला दर्ज कराने में भी लगा रहा। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच पड़ताल की। पुलिस ने बच्चे की तलाश शुरू कर दी। इस दौरान बच्चे का फोटोशुदा इश्तेहार छपवाकर शहर में बस स्टैंड, रेलवे स्टैंड, रिक्शा स्टैड, हॉस्पीटल सहित कई जगहों पर चस्पा किए।

इसके बाद पुलिस को आरोपी की हरकत देखकर उस पर शक हो गया था। पुलिस ने बच्चे के घर से आने जाने के रास्ते के 100 से ज्यादा सीसीटीवी फुटेज खंगाले। जिनमें आरोपी 24 मई को बालक को लेकर एमडी रोड से होता हुआ घाट गेट की ओर जा रहा था। इस पर पुलिस ने आरोपी से पूछताछ की तो उसने पहले अपनी लोकेशन की जानकारी नहीं दी, लेकिन पुलिस ने जब सख्ती से पूछताछ की तो उसने बालक की हत्या करना स्वीकार किया। पुलिस उसे लेकर घटनास्थल पहुंची, जहां बंद मकान में बच्चे का शव प्लास्टिक के कट्टे में पड़ा हुआ मिला। प्लास्टिक कट्टा एयर टाइट होने के कारण लाश सड़ने पर भी बदबू बाहर नहीं फैली।

## पी.डब्ल्यू.डी.कर्मचारियों ने क्रमिक अनशन किया

**जयपुर**। राजधानी के शहीद स्मारक पर अपनी छह सूत्री मांगों को लेकर मंत्रालयिक एकता मंच की ओर से चल रहे क्रमिक अनशन पर गुरूवार को 78 वें दिन सार्वजनिक निर्माण विभाग के कर्मचारी बैठे।

मंत्रालयिक एकता मंच के प्रदेश प्रवक्ता देवेंद्र सिंह नरूका ने बताया कि आज सार्वजनिक निर्माण विभाग के सुरेन्द्र चौधरी के नेतृत्व में अरुण यादव, रामप्रकाश मीणा, लल्लुलाल व शिवसहाय 24 घंटे के क्रमिक अनशन पर बैठे। मंत्रालयिक कर्मचारियों की ओर से अपनी प्रमुख मांगों सहायक प्रशासनिक अधिकारी को ग्रेड पे 4200 व कनिष्ठ सहायक को आरंभिक वेतन 25500 किए जाने की प्रमुख मांगों के साथ 6 सूत्री मांग पत्र के समर्थन में 16 मार्च से शहीद स्मारक पर क्रमिक अनशन किया जा रहा है। आज अनशन कर्ताओं के समर्थन में राजेश पारीक, गजेंद्र सिंह राठौड़, सुरेश धावाई, देवेंद्र सिंह नरूका, सतीश चन्द्र शर्मा, महेंद्र शर्मा, मुकेश शर्मा, धर्मेन्द्र सैन, राजेन्द्र वर्मा, शम्भुदयाल चंदेल, सत्येंद्र यादव, रमेश तिवाडी, ललित मोहन शर्मा, नागेंद्र सिंह नाथावत, विनय पारीक व अनिल कुमार अरोरा सहित अन्य कर्मचारी अनशन पर बैठे।

## राज्य कर्मियों को मिल सकेगा वेतन का अग्रिम भुगतान

**जयपुर**। प्रदेश के राजकीय कार्मिक अब आकस्मिक आवश्यकता पर अपने वेतन का अग्रिम भुगतान ले सकेंगे। इसके लिए मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने 'अर्न्ड सैलेरी एडवांस ड्रॉल एक्सेस स्कीम' को स्वीकृति दी है।

इस स्कीम की कार्यवाही राजस्थान फाइनेंशियल सर्विस डिलेवरी लिमिटेड द्वारा की जाएगी। इससे कार्मिकों को माह के अंत से पहले ही आनुपातिक रूप से वेतन का अग्रिम भुगतान किया जा सकेगा। कार्मिक को किए अग्रिम भुगतान की कटौती अगले माह के वेतन में से समायोजित की जाएगी। यह सुविधा 1 जून से सभी कार्मिकों के लिए उपलब्ध हो सकेगी।

## प्रदेश में 6 नए करोना संक्रमित मिले

**जयपुर**। प्रदेश में गुरूवार को छह नए करोना संक्रमित मिले हैं। वहीं तीन मरीजों के रिकवर होने से एक्टिव केस भी छह ही बचे हैं। राज्य में पिछले चौबीस घंटों में करोना से कोई मौत नहीं हुई है।

प्रदेश में गुरूवार को जयपुर में 4 और उदयपुर में 2 नए संक्रमित मिले हैं। इससे पहले राज्य में बुधवार को तीन रोगी पाए गए थे। इधर आज प्रदेश में 2239 कोविड जांच की गई है।

राज्य में पिछले चौबीस घंटों में तीन मरीज ठीक हुए हैं। राज्य में फिलहाल 6 संक्रमितों का इलाज चल रहा है। इनमें जयपुर में 4 जबकि बीकानेर और उदयपुर में 1-1 एक्टिव केस बचा है। प्रदेश में गुरूवार को करोना से किसी भी मरीज की मौत नहीं हुई है। हालांकि अब तक राज्य में इस बीमारी से 9734 लोगों की मौत हो चुकी है।

## सार-समाचार

### फ्रेस्को कला की बारीकियां सीखीं



जयपुर के सिटी पैलेस में सांस्कृतिक विरासत प्रशिक्षण शिविर में एचएच महाराजा सवाई पद्मनाभ सिंह ने फ्रेस्को आर्ट सीखा।

**जयपुर** (का.सं.)। महाराजा सवाई मानसिंह द्वितीय संग्रहालय, रंगरीत और सरस्वती कला केंद्र के संयुक्त तत्वाधान में चलाए जा रहे पारंपरिक कलाओं के प्रशिक्षण शिविर में आज एचएच महाराजा सवाई पद्मनाभ सिंह ने फ्रेस्को कला की बारिकियों और तकनीक को सीखा और स्वयं फ्रेस्को पेंटिंग बनाई। इस अवसर पर एचएच महाराजा सवाई पद्मनाभ सिंह ने बताया कि पारंपरिक कलाओं को नवांकुर कलाकारों को सिखाने के उद्देश्य से यह शिविर लगाया गया है। जिसमें बच्चे बढ़ -चढ़ कर हिस्सा ले रहे हैं और इसकी हमें बहुत खुशी है कि पारंपरिक और लुप्तप्राय कलाओं को सीखने के लिए नवांकुरों में उत्साह है। फ्रेस्को कला, आला गिला पद्धित को सीखने के लिए बच्चों का हुजूम लगा हुआ है। बच्चे अपने-अपने सब्जेक्ट बना रहे हैं। सिटी पैलेस की वॉल पेंटिंग्स के मोटिव्स की ड्राइंग करते हैं और उन्हीं के आधार पर फ्रेस्को पेंटिंग बना रहे हैं। बच्चे यह कला प्रतिष्ठित चित्रकार डॉक्टर नाथू लाल वर्मा के सानिध्य में सीख रहे हैं। शिविर संयोजक चित्रकार रामू रामदेव ने बताया कि भारत का राष्ट्रीय ग्रंथ गीता जी के श्लोक भी विद्यार्थियों को पंडित शिव दत्त व्यास के निर्देशन में आज से सिखाना शुरू कर दिया गया है। जिसमें बच्चों को सांस्कृतिक विरासत के संस्कार भी दिए जाएंगे। बच्चों में वैदिक मंत्रों के साथ गीता जी के श्लोक सीखने हेतु काफी उत्साह नजर आया। उन्होंने आगे बताया कि शिविर में पारंपरिक चित्रकला ध्रुवपद, कथक, बांसुरी, कैलीग्राफी आदि का भी प्रशिक्षण दिया जा रहा है। फ्रेस्को की प्लेट बनाने में महेंद्र कुमावत, संतोष, राम रतन भी सहयोग कर रहे हैं।

### सर्जिकल आईसीयू में फॉल सिलिंग गिरी

**जयपुर**। राजधानी के सवाई मानसिंह अस्पताल के सर्जिकल आईसीयू में गुरूवार को फॉल सिलिंग गिरने से दो रेजीडेंट डॉक्टर्स के चोट लग गई। हादसे के बाद आईसीयू में भर्ती मरीजों को दूसरी जगह शिफ्ट किया गया। अस्पताल अधीक्षक डॉ. अचल शर्मा ने बताया कि गुरूवार रात करीब साढ़े आठ बजे सर्जिकल आईसीयू में डॉक्टर्स के बैठने के लिए बने कमरे की फॉल सिलिंग अचानक नीचे गिर गई। इस दौरान वहां ड्यूटी पर तैनात दो रेजीडेंट डॉक्टर्स के सिर पर चोट लग गई। हालांकि चोट ज्यादा नहीं लगने से दोनों की हालात ठीक है। उन्होंने बताया कि हादसे के बाद सर्जिकल आईसीयू में भर्ती आठ मरीजों को सामने बने नए आईसीयू और सेमी आईसीयू में शिफ्ट किया गया है। उन्होंने बताया कि अस्पताल की बिल्डिंग काफी पुरानी होने और हाल ही में बारिश होने के कारण सीलन से यह हादसा हो सकता है। इससे देखते हुए मौके पर पीडब्ल्यूडी विभाग की टीम को बुला कर उन्हें आईसीयू को मरम्मत के लिए सौंप दिया गया है।

### दस जिंदा कारतूस सहित आरोपी पकड़ा

**जयपुर**। राजधानी की करणी विहार थाना पुलिस ने जयपुर कमिश्नरेट की ओर से चलाए जा रहे 'ऑपरेशन एक्शन अगेंस्ट गन' (आग) के तहत कार्रवाई करते हुए वांछित आरोपित रोहित मीणा उर्फ दीपू उर्फ बच्या को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने उसके पास से दस जिंदा कारतूस और एक चौपहिया वाहन भी जब्त किया है। पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपित के खिलाफ पूर्व में हत्या का प्रयास और आर्म्स एक्ट सहित एक दर्जन से अधिक आपराधिक मामले दर्ज है। वह पिछले सात माह से फरार चल रहा था। फिलहाल आरोपी से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त जयपुर (पश्चिम ) वंदिता राणा ने बताया कि करणी विहार थाना पुलिस ने वांछित आरोपित रोहित मीणा उर्फ दीपू उर्फ बच्या (25) निवासी रामदेव नगर कनकपुरा करधनी को लालरपुरा गांधी पथ रोड से गिरफ्तार कर उसके पास से दस जिंदा कारतूस और एक चौपहिया वाहन भी जब्त किया है।

### यात्री से 43 लाख रुपये का सोना बरामद

**जयपुर**। जयपुर एयरपोर्ट पर कस्टम विभाग ने कार्रवाई करते हुए एयर एशिया की फ्लाइट से बैंकॉक से जयपुर पहुंचे यात्री के रेक्टम से 715 ग्राम सोना बरामद किया है। इसकी बाजार कीमत 43 लाख रुपये बताई जा रही है। कस्टम टीम ने सोना जब्त कर यात्री को गिरफ्तार किया गया है। प्रारंभिक पूछताछ में यात्री से सामने आया कि वह बैंकॉक से यह सोना जयपुर लेकर आया था। जयपुर में यह सोना कहां और किसे देना था, इसके बारे में अभी जानकारी नहीं मिल पाई है। इसके बाद कस्टम टीम ने गुरुवार को गिरफ्तार यात्री को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। कस्टम विभाग की डीसी नीलिमा खोरवाल ने बताया कि बुधवार देर शाम को बैंकॉक की एयर एशिया फ्लाइट से जयपुर सोना लाने की सूचना मिली थी। इस दौरान एयर एशिया की फ्लाइट एफडी 130 से उतरे यात्री से पूछताछ की।

### सुबह बरसात, शाम को काले बादल

**जयपुर**, (का.सं.)। शहर में गुरुवार सुबह आंधी और बरसात हुई। सुबह 6.30 बजे तेज हवा से साथ धूल उड़ना शुरू हुई। कुछ ही देर में बरसात शुरू हो गई। करीब डेढ़ घंटे तक हुई बरसात और आंधी के बाद धीरे-धीरे मौसम खुला। कुछ देर बाद ही तेज धूप निकल आई। दोपहर में चटक धूप खिलने से उमस भी रही। शाम 5 बजे के बाद एक बार फिर से आसमान में बादल छा गए। कुछ इलाकों में बूंदाबांदी भी हुई। मौसम केन्द्र जयपुर के अनुसार 3-4 जून को एक बार फिर आंधी बारिश की गतिविधियों में बढ़ोतरी होगी। बीकानेर, जयपुर, अजमेर व भरतपुर संभाग के जिलों में तेज मेघगर्जन, तेज अंधड़ व तेज बारिश होने की प्रबल संभावना है।

### आवास दिलाने के नाम पर ठगी

**जयपुर**। राजधानी में जेडीए अप्रूव्ड प्लॉट और मुख्यमंत्री आवास योजना में आवास दिलाने के नाम पर 402 मजदूरों से करीब 20 लाख रूपए की ठगी का मामला सामने आया है। पुलिस ने बताया पीड़ित आत्माराम, राजूलाल, प्रभुदयाल और मुरारी ने इस्तगासे के जरिए रिपोर्ट दर्ज करवाई है कि पिछले कई वर्षों से सेक्टर-16, प्रताप नगर निवासी राजाराम अजमेरिया ठेकेदार के पास मजदूरी कार्य करते हैं। आरोप है राजाराम ने जयपुर में बाहर की तरफ जेडीए अप्रूव्ड प्लॉट और मुख्यमंत्री आवास योजना में आवास दिलाने का झांसा दिया।

### तीन युवकों का अपहरण कर मारपीट

**जयपुर**। राजधानी के जवाहर सर्किल इलाके में तीन युवकों का अपहरण कर मारपीट करने और फिरौती मांगने का मामला सामने आया है। पुलिस ने बताया वजीरपुर निवासी टीजेंद्र कुमार जांगिड़ ने रिपोर्ट दी है कि 30 मई की शाम करीब 5 बजे दोस्त नकुल के साथ ओम कुंतल के बुलाने पर जवाहर सर्किल गए थे। यहां जीतेन्द्र गुर्जर उर्फ़ जीतू अपने साथियों सहित आया और तीनों का अपहरण कर प्रताप नगर एक मकान में ले गया, जहां उन्हें बंदी बनाया गया। जीतू ने कहा जान की सलामती चाहते हो तो घर से रूपए मंगवा लो।

### धोखाधड़ी करने वाले चार गिरफ्तार

**जयपुर**। राजधानी की विद्याधर नगर थाना पुलिस ने जमीन बेचने का लालच देकर लाखों रुपये की धोखाधड़ी करने के मामले में तीन साल से फरार चल रहे चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। बताया जा रहा है कि आरोपियों ने गिरफ्तारी से बचने के लिए न्यायालय से गिरफ्तारी पर रोक ले रखी थी और अलग-अलग स्थान पर रहकर फरारी काट रहे थे। जैसे ही न्यायालय से रोक हटते ही पुलिस ने आरोपियों के संभावित स्थानो पर दबिश देकर उन्हें गिरफ्तार कर लिया। फिलहाल आरोपियों से पूछताछ की जा रही है।

## ज्वाइन नहीं करने वाले चिकित्सा अधिकारियों को अंतिम अवसर

■ 'अराजपत्रित संवर्ग की भर्तियां एवं पदोन्नित अगस्त तक पूरी करें'

**जयपुर** (का.सं.)। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव शुभ्रा सिंह ने निर्देश दिए हैं कि अभी हाल ही में चिकित्साधिकारियों के 1765 पदों पर जो नई भर्ती की गयी है उसमें बिना किसी वैधानिक और युक्तियुक्त कारण के ज्वाईन नहीं करने वाले चिकित्सकों को 7 दिवस का एक और अंतिम अवसर देकर, ज्वाईन नहीं करने वालों की सेवाएं समाप्त कर प्रतीक्षा सूची से पदों को भरा जाए।

उन्होंने निर्देश दिए कि सभी चिकित्सा संस्थानों में चिकित्सक नियुक्त करना हमारी पहली प्राथमिकता है ताकि आमजन को नजदीक में ही सरकार की जनकल्याणकारी चिकित्सा सेवाओं का लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि पीजी और एसआरशिप के कारण जिन चिकित्सकों को एक्सटेंशन दिया गया है उनके अतिरिक्त ऐसे नवनियुक्त चिकित्सक जिन्होंने अब तक ज्वाईन नहीं किया है, उन्हें अंतिम अवसर देकर सेवाएं समाप्त की जाए। गौरतलब है कि नवनियुक्त चिकित्साधिकारियों में से 41 चिकित्साधिकारी ऐसे हैं जिन्होंने ना तो एसआरशिप और ना ही पीजी में होने के कारण ज्वाईन करने में शिथिलता चाही है। ऐसे चिकित्साधिकारियों को ज्वाईन करने के लिए 9 जून तक का अंतिम अवसर विभाग द्वारा दिया जा रहा है। यदि इस अवधि में यह ज्वाईन नहीं करते हैं तो विभाग द्वारा इनकी सेवाएं समाप्त कर प्रतीक्षा सूची से पदों को भरा जाएगा।

अतिरिक्त मुख्य सचिव ने निदेशक जनस्वास्थ्य को निर्देश दिए हैं कि 172 दंत चिकित्सकों की भर्ती के लिए आरयूएचएस को अभ्यर्थना भिजवायी जा चुकी है। उसका फोलाअप कर उक्त पदों पर शीघ्र भर्ती की कार्यवाही करवायें।

## भाजपा लोकसभा चुनाव के लिए पूरी तरह तैयार, तीसरी बार पी.एम बनेंगे नरेन्द्र मोदी : डॉ. पूनिया

■ मोदी सरकार के नौ वर्ष पूरे होने पर उत्तरप्रदेश प्रवास पर उपनेता प्रतिपक्ष डॉ. सतीश पूनिया ने कहा कि भाजपा महाजनसंपर्क अभियान के जरिये घर-घर जाएगी, 23 जून को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश के 10 लाख बूथ तक कार्यकर्ताओं से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए संवाद करेंगे

**मैनपुरी/जयपुर**। भाजपा के लोकसभा मिशन 2024 को लेकर राजस्थान विधानसभा उपनेता प्रतिपक्ष एवं भाजपा पूर्व प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पूनिया आज से दो दिवसीय उत्तरप्रदेश प्रवास पर हैं, जहां उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सरकार के ऐतिहासिक 9 वर्ष पूर्ण होने पर मैनपुरी में प्रेस वार्ता की और सोशल मीडिया योद्धाओं से संवाद कर मोदी सरकार की लोक कल्याणकारी योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने का आव्हान किया।

भाजपा केन्द्रीय नेतृत्व द्वारा दी गई जिम्मेदारी के तहत सतीश पूनियां उत्तरप्रदेश की संभल, अमरोहा, मैनपुरी और मुरादाबाद लोकसभा क्षेत्रों में जून माह में प्रवास करेंगे।

मैनपुरी में प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुये डॉ. पूनिया ने कहा कि, भाजपा 2024 के लोकसभा चुनाव के लिए तत्पर है, तैयार है, तीसरी बार नरेन्द्र मोदी प्रधानमंत्री बनेंगे, इसकी विधिवत शुरुआत भाजपा का संपर्क से समर्थन के नाते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार के सफलतम 9 वर्ष पूर्ण होने पर 31 मई से लेकर 30 जून तक महाजनसंपर्क अभियान चलेगा।1952 से लेकर आज तक की राजनीति में लगभग 55 वर्षों तक देश पर कांग्रेस पार्टी को शासन करने का अवसर मिला, उसमें समय-समय पर राजनीतिक क्रांति हुई, बड़े बदलाव आते रहे और वह बदलाव अल्पकालिक थे।

उन्होंने कहा कि 1967 में देश में पहली बार विपक्ष को एक अच्छा जनसमर्थन हासिल हुआ था, यह जून का महीना है और उस पीढ़ी के लोग 1975 के आपातकाल को भूल नहीं सकते। उत्तरप्रदेश, जो मोदी और योगी सरकार की कल्याणकारी योजनाओं से उत्तमप्रदेश के रूप में पूरे देश में पहचान बना चुका है, मैं उत्तरप्रदेश की इस पावन भूमि पर जिस काम के लिए आया हूं, वह भारतीय जनता पार्टी का महाजनसंपर्क अभियान है, जो देश के 140 लोकसभा क्षेत्रों में एक महीने तक चलेगा। इन सीटों पर दो-दो सीनियर लीडर्स को लगाया गया है, केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह और मुझे पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व ने उत्तरप्रदेश की संभल, अमरोहा, मैनपुरी और मुरादाबाद लोकसभा क्षेत्रों में प्रवास की जिम्मेदारी दी है। इस दौरान पार्टी की तरफ से हर लोकसभा क्षेत्र में बड़ी जनसभाएं होंगी, मोदी सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं और विकास कार्यों को लेकर जिला स्तर पर प्रबुद्धजन सम्मेलन होंगे, विधानसभा के स्तर पर लोग व्यापारियों के साथ संवाद करेंगे और वरिष्ठ कार्यकर्ताओं से भी संवाद होगा।

पूनिया ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस जो मोदी सरकार की एक बड़ी सफलता है, भारत की योग की विधा को दुनिया के 199 देशों ने जाना और माना, 21 जून को मंडल स्तर तक इसका आयोजन होगा। 23 जून को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश के 10 लाख बूथ तक पार्टी के बूथ के सभी कार्यकर्ताओं से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए संवाद करेंगे। 25 जून जो कांग्रेस शासन में आपातकाल लागू होने का दिन था, इस दिन पार्टी संगोष्ठी और परिचर्चा के जरिए आपातकाल को लेकर संवाद करेगी। पार्टी का 25 जून से लेकर 30 जून तक महाजनसंपर्क अभियान चलेगा।

## 'संविधान में बंधुत्व शब्द जोड़ने का श्रेय विचारक संतराम को जाता है : राजाराम भादू



सन्तराम बीए की 35वीं पुण्यतिथि के अवसर पर डॉ.अंबेडकर मेमोरियल सोसायटी झालाना डूंगरी जयपुर के रमाबाई अंबेडकर भवन में वर्ष 2020, 2021 एवं वर्ष 2022 के संतराम बी.ए. स्मृति सम्मान भी प्रदान किये गये।

**जयपुर** (का.सं.)। सन्तराम बीए की पैंतीसवी पुण्यतिथि के अवसर पर सन्तराम बी.ए. फाउण्डेशन, शाहजहाँपुर (उत्तर प्रदेश) की ओर से डॉ.अंबेडकर मेमोरियल सोसायटी झालाना डूंगरी जयपुर के रमाबाई अंबेडकर भवन में सन्तराम बी ए स्मृति समारोह- 2023 का आयोजन किया गया।

समारोह की अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. हेतु भारद्वाज ने की । मुख्य अतिथि राजस्थान साहित्य अकादमी, उदयपुर के अध्यक्ष डॉ. दुलाराम सहारण तथा विशिष्ट अतिथि सामाजिक कार्यकर्ता पीयूसीएल की राष्ट्रीय अध्यक्ष कविता श्रीवास्तव थीं।इस दौरान वर्ष 2020,2021 एवं वर्ष 2022 के संतराम बी.ए. स्मृति सम्मान भी प्रदान किये गये। वर्ष 2020 का सन्तराम बी ए स्मृति सम्मान संयुक्त रुप से वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता व सुप्रीम कोर्ट की विशाखा गाइडलाइन की सूत्रधार भंवरी देवी और वरिष्ठ कथाकार भगवानदास मोरवाल को दिया गया। वर्ष 2021 का संतराम बी ए स्मृति सम्मान जोधपुर निवासी वरिष्ठ दलित चिंतक लेखक नेमिचंद बोयत और राजस्थान प्रगतिशील लेखक संघ के पूर्व महासचिव प्रेमचंद गांधी को दिया गया । इसी तरह वर्ष 2022 का सन्तराम बी ए स्मृति सम्मान सामाजिक कार्यकर्ता और पी यू सी एल के राष्ट्रीय सचिव भंवर मेघवंशी को प्रदान किया गया। नेमिचंद बोयत, भंवर मेघवंशी भगवानदास मोरवाल कार्यक्रम में उपस्थित नहीं हो सके।

कार्यक्रम की शुरुआत डा. अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण से हुई। तत्पश्चात सन्तराम बी ए फाउंडेशन के संस्थापक अध्यक्ष डा. महेश प्रजापति ने स्वागत भाषण देते हुए सभी आगंतुकों का स्वागत किया।

सम्मान सत्र के बाद विचार गोष्ठी का आयोजन हुआ। इसके तहत सन्तराम बी ए पर अपनी बात रखते हुए विचार-गोष्ठी के मुख्य वक्ता राजाराम भादू ने संविधान की प्रस्तावना में "बंधुत्व" शब्द की व्याख्या की। उन्होंने बताया कि संविधान की मूल प्रस्तावना पंडित जवाहरलाल नेहरू ने लिखकर संविधान सभा के अध्यक्ष डॉ. राजेंद्र प्रसाद को सौंपी थी। डॉ.राजेंद्र प्रसाद ने यह प्रस्तावना पढ ने हेतु संविधान की प्रारूप समिति के अध्यक्ष डॉ. भीमराव अंबेडकर को दी और इसकी समीक्षा करने के लिए कहा। डॉ आंबेडकर ने सन्तराम बी ए द्वारा स्थापित "जात- पात तोड़क मंडल" की अध्यक्षता हेतु अपना ऐतिहासिक भाषण 1936 में "एन्हिलेशन ऑफ कास्ट" नाम से पुस्तक रूप में प्रकाशित करवा लिया था जिसकी चर्चा देश में हो चुकी थी ।डॉ अंबेडकर ने नेहरू जी को बताया कि संविधान की प्रस्तावना में केवल "स्वतंत्रता" और "समानता" शब्द अपर्याप्त हैं। देश में सच्चे लोकतंत्र की स्थापना तभी हो सकती है जब प्रस्तावना में "बंधुत्व" शब्द जोडा जाये। डॉ. अंबेडकर की सलाह के अनुसार संविधान की प्रस्तावना में "बंधुत्व " शब्द शामिल किया गया.यह बंधुत्व शब्द मूल रूप से "एन्हिलेशन ऑफ कास्ट" पुस्तक से आया था जिसके सूत्रधार संतराम बी ए ही थे। राजस्थान साहित्य अकादमी के अध्यक्ष दुलाराम सहारण ने संतराम बी ए के जाति- संबंधी साहित्य लेखन को सराहा और वर्तमान में जाति और धर्म को लेकर पैदा की जा रही स्थितियों के प्रति चिंता व्यक्त की। उन्होंने संतराम बी ए फाउंडेशन के कार्यों की सराहना की और आश्वासन दिया कि राजस्थान साहित्य अकादमी जितना संभव हो सकेगा संतराम बी ए फाउंडेशन की इस मुहिम को आगे बढ़ाने में सहयोग करेगी।

कार्यक्रम में राजस्थान प्रगतिशील लेखक संघ के कार्यकारी अध्यक्ष फारूक आफरीदी, महासचिव रजनी मोरवाल,पूर्व महासचिव ओमेंद्र , कथाकार रत्नरकुमार सांभरिया सामाजिक कार्यकर्ता सुमन चौधरी ,हेमंत नारायण ,कमल , ताराचंद वर्मा, राकेश शर्मा , पी यू सी एल और अंबेडकर मैमोरियल सोसाइटी के अनेक सदस्यगण, छात्र- छात्राएं आदि की सहभागिता रही।कार्यक्रम के अंत में डॉ अंबेडकर मेमोरियल सोसायटी के महासचिव जी एल वर्मा ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## 'सांगानेर स्टेशन को अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत विकसित किया जाये'

■ बोहरा ने दिल्ली में रेल मंत्रालय की परामर्शदात्री समिति की बैठक में उठाई मांग

**जयपुर** (का.सं.)। जयपुर सांसद रामचरण बोहरा ने गुरूवार को संसद भवन मे आयोजित रेल मंत्रालय की परामर्शदात्री समिति की बैठक मे रेल्वे के उच्चाधिकारियों के साथ रेल्वे से जुडी विभिन्न योजनाओं तथा जयपुर संसदीय क्षेत्र मे रेल सुविधाओं के विकास संबंधित विभिन्न योजनाओं पर विस्तृत चर्चा की।

सांसद बोहरा ने सांगानेर रेल्वे स्टेशन को अमृत भारत स्टेशन योजना मे शामिल करने की माँग की। सांसद बोहरा ने बताया कि सांगानेर क्षेत्र रंगाई-छपाई एवं हैण्डमेड कागज के लिये विश्वविख्यात है। पूरे देश से अनकों व्यापारी-व्यावसायी एवं श्रमिक-कर्मचारी आदि सांगानेर मे आते-जाते है। अमृत भारत योजना मे चयन होने पर यह स्टेशन भी विश्वस्तरीय सुविधाओं से लैस हो जायेगा, जिसका सीधा-सीधा फायदा लघु-मध्यम उद्यमियों तथा स्थानीय निवासीयों को मिलेगा।

गौरतलब है कि सांसद बोहरा ने कुछ समय पहले ही केन्द्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के साथ नई दिल्ली मे बैठक की थी, जिसमे रेल मंत्री ने जयपुर के लिए करोडों.की सौगातों पर सहमति दी थी। उसी कड़ी मे हाल ही मे जयपुर-दिल्ली के बीच वन्दे भारत एक्सप्रेस रेल सेवा शुरू हुई।

## आय से अधिक संपत्ति रखने वाले अधिकारी को सजा

**जयपुर**, (का.सं.)। सीबीआई मामलों की विशेष अदालत क्रम-2 ने आय से अधिक संपत्ति रखने वाले यूनाइटेड इंडिया इंश्योरेंस कंपनी के तत्कालीन मंडल प्रबंधक बाबूलाल कोली को दो साल की सजा सुनाई है। इसके साथ ही अदालत ने अभियुक्त पर 70 लाख रुपए का जुर्माना भी लगाया है। अदालत ने सर्च के दौरान अभियुक्त के घर से बरामद एक लाख चालीस हजार रुपए राजकोष में जमा कराने को कहा है। अदालत ने कहा कि भ्रष्टाचार के कारण लोगों का सरकारी तंत्र से ही विश्वास उठ गया है। इससे देश का आर्थिक विकास भी प्रभावित हो रहा है। अदालत ने बाबूलाल की पत्नी हीरादेवी, पुत्र योगेश, धर्मवीर और पुत्री के नाम मिली संपत्तियों को भ्रष्टाचार से अर्जित आय से क्रय करना माना है।

अभियोजन पक्ष की ओर से अदालत को बताया गया कि अभियुक्त बतौर सहायक यूनाइटेड इंश्योरेंस कंपनी में में नियुक्त हुआ था। इसके बाद सीकर, श्रीगंगानगर व दिल्ली में सहायक, सहायक प्रशासनिक अधिकारी, सहायक प्रबंधक और मंडल प्रबंधक के पद पर रहते हुए बाबूलाल कोली पर पद का दुरुपयोग करने, फर्जी साधनों व अवैध तरीके अपनाकर आय से 65 लाख रुपए से अधिक की संपत्तियां अर्जित करने का आरोप है।